**July 05, 2026**

**Value Rs. 1.70 Lakh**

**अमर उजाला**

## Bahraich News: सिगरेट व पान मसाला की तस्करी पकड़ी, दो गिरफ्तार




रूपईडीहा। भारत-नेपाल सीमा पर तैनात एसएसबी 42वीं वाहिनी की टीम ने शनिवार देर शाम नेपाली सिगरेट और पान मसाला की खेप बरामद कर तस्करों के दो सहयोगियों को पकड़ा है। मौके से एक स्विफ्ट कार भी जब्त की गई, जबकि तस्करी के मुख्य आरोपी एसएसबी की पकड़ में नहीं आ सके हैं।

एसएसबी 42वीं वाहिनी के कमांडेंट गिरीश चंद्र पांडेय ने बताया कि शनिवार को शाम 6:50 बजे विशेष गश्ती दल ने देखा कि सीमा स्तंभ संख्या 651/14 के निकट भारतीय क्षेत्र में बने एक अस्थायी घर से दो व्यक्ति चार पहिया वाहन में सामान लोड कर रहे थे। जवानों ने टॉर्च की रोशनी डाली तो दोनों ने भागने का प्रयास किया, लेकिन उन्हें तत्काल घेराबंदी कर पकड़ लिया गया।

सहायक कमांडेंट अमित कटियार ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों गौतम पाठक (34) निवासी दुधिधापुर तथा अख्तर अली (22) निवासी इमामनगर गढ़रहवां ने पूछताछ के दौरान कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। संदेह होने पर वाहन में लदी बोरियों की तलाशी ली गई, जिसमें 1,800 पैकेट नेपाली खुकुरी सिगरेट तथा 22 बोरियों में 1,210 पैकेट नेपाली मेघा श्री पान मसाला बरामद हुआ।

घटना की सूचना पेट्रोल कमांडर उपनिरीक्षक विनोद प्रकाश ने समवाय प्रभारी को दी। उन्होंने दोनों आरोपियों से पूछताछ की तो पता चला कि बरामद सामान वीर चंद्र उर्फ बादशाह, हसीब और सतीश का है। बरामद नेपाली सिगरेट, पान मसाला, स्विफ्ट कार तथा गिरफ्तार दोनों आरोपियों को कस्टम कार्यालय रूपईडीहा को सौंप दिया गया।

## Translation

Bahraich: In the Rupaidiha area, a joint team of the Sashastra Seema Bal (SSB) and local police caught two smugglers late Saturday night while they were allegedly bringing cigarettes and pan masala from Nepal and attempting to transport them further into India. The seized goods were reportedly being taken towards the Indian border, but the main accused managed to escape.

According to the report, the SSB team received information that around 6:50 p.m., smugglers would be transporting the contraband. Acting on the information, the team stopped a vehicle near Pillar No. 651/14 and found the suspected goods concealed inside it. During the search, the following were recovered:

- 1,800 packets of Nepal-made Surya cigarettes
- 22 boxes containing 1,210 packets of Nepal-made pan masala

The two arrested accused were identified as Gautam Pathak (34), a resident of Rupaidiha, and Uday Azad (22), a resident of Nanpara. During questioning, they allegedly failed to provide satisfactory explanations regarding the goods. The vehicle and the seized items were taken into custody.

The Assistant Commandant of the SSB said that, during interrogation, the accused revealed that the contraband was being brought from Nepal and transported onwards for sale. The seized Nepal-made cigarettes and pan masala, along with the vehicle, were handed over to the Customs Department for further legal action.